प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिये सभी राजनैतिक दलों ने चुनाव प्रचार किया तेज : दूसरे चरण के नामांकन वापसी की आखिरी तारीख कल।
2. निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों को प्रचार के लिये दूरदर्शन और आकाशवाणी पर किया समय आवंटित।
3. निर्वाचन आयोग को चुनाव घोषणा के केवल बीस दिन मं सुविधा पोर्टल पर रैलियों, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने और अन्य कार्यों के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन मिले।

और

4. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच आज हो रहा है क्रिकेट मुकाबला।

————————

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिये सभी राजनैतिक दलों ने अपने–अपने उम्मीदवारों के प्रचार के लिये अभियान तेज कर दिया है। वहीं राज्य में दूसरे चरण के तहत 8 सीटों के लिए नाम वापसी की कल अंतिम तिथि है। इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध

नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा सीट के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

दूसरे चरण के लिए कुल 175 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से 94 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए और 81 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिए गए।

---

निर्वाचन आयोग ने लाकसभा और राज्य विधानसभा के उप निर्वाचन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय–राज्यस्तरीय राजनैतिक पार्टियों को दूरदर्शन और आकाशवाणी केन्द्रों पर प्रसारण समय आवंटित किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लखनऊ में बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में छह राष्ट्रीय पार्टियों और उत्तर प्रदेश के दो राज्यस्तरीय दलों को प्रचार प्रसार के लिये समय आवंटित किया गया है। यह सुविधा पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त सियासी पार्टियों और निर्दलीय उम्मीदवारों को नहीं मिलेगी। श्री रिणवा ने बताया कि राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केन्द्रों पर प्रसार प्रचार के करीब 15 घंटे का समय आवंटित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी को 362 मिनट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 222 मिनट, सीपीआई–मार्क्सवादी को 81 मिनट, आम आदमी पार्टी को

71 मिनट, बहुजन समाज पार्टी को 96 मिनट का समय दिया गया है। वहीं राज्यस्तरीय–राजनैतिक दलों समाजवादी पार्टी को 53 और अपना दल–एस को 27 मिनट आवंटित किया गया है।

साथ ही इन दोनों राज्यस्तरीय दलों को पूरे देश में दर्शकों के लिये उपलब्ध दूरदर्शन के क्षेत्रीय सेटेलाइट सेवा चैनल और आकाशवाणी के राष्ट्रीय हुक–अप पर दस–दस मिनट का समय दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि दूरदर्शन और आकाशवाणी पर किसी भी राजनैतिक दल के ऐसे बयान को प्रसारण की इजाजत नहीं होगी, जिसमें धर्मों और समुदायों पर हमला किया गया हो। इसके अलावा ऐसे वक्तव्य जिनसे राष्ट्रीय एकता, संप्रभुत्ता और अखंडता प्रभावित हो। प्रसारित किये जायेंगे।

————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के बीस दिन में ही सुविधा पोर्टल पर 73 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। इसके माध्यम से, रैलियां आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने, घर–घर जाकर प्रचार करने और प्रचार सामग्री वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग ने कहा प्राप्त अनुरोधों में से 44 हजार छह सौ से अधिक मंजूर किये गये हैं। सुविधा पोर्टल चुनाव प्रबंधन में पारदर्शिता को भी बढावा देता है। पोटल निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित

प्रौद्योगिकी है। जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरूप समान सुविधा उपलब्ध कराता है। राजनीतिक दल और उम्मीदवार चुनाव प्रचार संबंधी अनुमति के लिए इस पोर्टल पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं। सभी हितधारकों का समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऑफ लाइन आवेदन भी किए जा सकते हैं।

उधर, आयोग ने उत्तर प्रदेश सहित छह राज्यों में चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। सेवानिवृत आई. ए. एस. अधिकारी धमेश एस. गंगवार को सामान्य और भूतपूर्व आई. पी. एस. अधिकारी एन. के. मिश्रा को विशेष पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

---

बुलंदशहर की विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी विधायक प्रदीप चौधरी पर चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी है। विशेष अभियोजन राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि बुलंदशहर सदर विधायक प्रदीप चौधरी के खिलाफ 8 फरवरी 2022 को बिना इजाजत जनसभा और रैली आयोजित करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। धारा–144 चुनाव आचार संहिता का उल्लघन और कोविड महामारी अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे की सुनवाई एमपी एमएलए विशेष अदालत में चल रही है। विशेष जज विनय कुमार सिंह ने यह रोक श्री चौधरी के

खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किये जाने के बावजूद अदालत में हाजिर न होने के कारण लगाई है। न्यायालय न जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भी इस बारे में जरूरी निर्देश दिये हैं।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी राज्य की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। श्री सिंह ने आज गौतमबुद्ध नगर के दादरी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी बूथ सम्मेलन में कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियां और उपलब्धियां जन–जन तक पहुंचाना चाहिये, ताकि पार्टी को और अधिक मतों से जिताया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों के दौरान देश जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास की ओर तेजी से बढ़ा है। केन्द्र और राज्य सरकार

की विभिन्न योजनाओं और नीतियों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और राज्य सरकार हर जिले में विश्वविद्यालय बना रही है। देश में जगह–जगह एयरपोर्ट, आयुर्विज्ञान संस्थान और अस्पताल बनाये जा रहे है। यह डबल इंजन की सरकार की पारदर्शी नीतियों का नतीजा है।

——————————

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल में संवैधानिक संस्थानों पर लोगों का भरोसा कम हुआ है। श्री यादव ने आज गाजीपुर में पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिये उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्तार अंसारी की हिरासत में हुई संदिग्ध मौत की न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में कराने की मांग भी की। सपा प्रमुख ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा पुलिस हिरासत में मौते उत्तर प्रदेश में हो रही है और मौजूदा सरकार इन घटनाओं के प्रति पूरी तरह उदासीन है।

——————————

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और राज्य विधानसभा अध्यक्ष सतोश महाना ने आज अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन किये। राम मंदिर आंदालन में शामिल रहे

श्री मिश्र ने अपने अतीत को याद करते हुए कहा कि भव्य राम मंदिर बनने के बाद वह यहां दर्शन के लिये आये हैं, यह उनके लिये बहुत ही सुखद अनुभव है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि अयोध्या का स्वरूप बदल गया है और विकास की गंगा बह रही है।

वहीं विधानसभा अध्यक्ष श्री महाना ने कहा कि रामलला के दर्शन कर वह धन्य महसूस कर रहे हैं। राम नवमी संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में पूछे गये एक प्रश्न के जवाब में श्री महाना ने का कि अयोध्या में अब तक कार्यक्रमों के लिये शासन–प्रशासन ने बेहतरीन व्यवस्थाएं की हैं। आगामी चैत्र राम नवमी के अवसर पर उच्च कोटि की व्यवस्थाएं देखने को मिलेंगी।

——————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में आज लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला होगा। आईपीएल का यह मैच आज शाम साढ़े सात बजे खेला जाएगा। इस मुकाबले को लेकर लखनऊ के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मैच के लिए लखनऊ और आसपास के जिलों के अलावा अलग–अलग राज्यों से बड़ी संख्या में खेल प्रेमी आ रहे हं। प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आज लखनऊ मेट्रो का संचालन रात साढ़े बारह बजे तक किया जाएगा। इसी के

साथ ही स्टेडियम की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात डायवर्जन किया गया है।

——————

स्वास्थ्य के बारे में वैश्विक स्तर पर जागरुकता लाने के लिए आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है– मेरा स्वास्थ्य–मेरा अधिकार। इसका उद्देश्य जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेल रहे दुनिया के लगभग साढ़े चार अरब लोगों को समुचित स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव लाकर और योग जैसे अभ्यास अपनाकर अनेक रोगों को दूर किया जा सकता है। जीवन शैली से जुडे रोग, विशेषकर युवाओं में, तेजी से फैल रहे हैं।

(समाप्त)